रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी मदुरई, राम सेतु, मैसूर ऊटी, त्रिवेन्द्रम

यात्रा समयः 07 दिन

यात्रा प्रारम्भः 28 जनवरी, 01 अप्रैल 2027

श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा
1967 से आपकी सेवा मे तत्पर

दिन	दर्शनीय स्थल
पहला	✈ **दिल्ली** एयरपोर्ट से फ्लाईट द्वारा मदुरई के लिए शुभ प्रस्थान। **मदुरई** मीनाक्षी देवी मंदिर, सुंदरेश्वर महादेव दर्शन (रात्रि रामेश्वरम में)
दूसरा	**रामेश्वरम धाम** समुद्र स्नान, राम-सीता कुण्ड, राम झरोखा दर्शन, 22 कुण्ड स्नान, रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग, धनुषकोटि राम सेतु, विभीषण तीर्थ। (रात्रि कन्याकुमारी)
तीसरा	**कन्याकुमारी** मंदिर दर्शन, सूर्य उदय अथवा सूर्य अस्त का दर्शन, हिन्द महासागर, अरब सागर, बंगाल का संगम स्नान, विवेकानंद स्मारक, कन्याकुमारी ग्लास ब्रिज। (रात्रि विश्राम कन्याकुमारी/त्रिवेन्द्रम)
चौथा	**त्रिवेन्द्रम** पद्मनाभस्वामी मंदिर, चिड़ियाघर, कोवलम बीच। रात्रि में एसी स्लीपर बस से द्वारा कोयंबटूर के लिए प्रस्थान।
पाँचवां	**ऊँटी** बोटेनिकल गार्डन, टेलिस्कोप, ऊँटी झील आदि। (रात्रि ऊँटी/मैसूर)
छठवां	**मैसूर** राजमहल, चामुण्डा देवी मंदिर, वृन्दावन गार्डन। (रात्रि विश्राम मैसूर)
सातवां	✈ **बैंगलोर** से फ्लाईट द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान व नई दिल्ली एयरपोर्ट पर मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा सम्पन्न।

यात्रा का किराया: चाय-नाश्ता, दोनों समय का भोजन, A/C परिवहन एवं A/C डबल-बेड होटल द्वारा ✈ **फ्लाइट** से आने-जाने पर **₹46,000/-** प्रति यात्री और स्वयं के साधन से आने-जाने पर **₹26,000/-** प्रति यात्री रहेगा। **नोटः** कृपया फ्लाइट/राजधानी यात्रा के नियम पेज नं. 36 को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही अपनी सीट बुक कराएं।

फ्लाईट/बस/राजधानी द्वारा यात्रा के नियम व सुविधाएं

1. **यात्रा शुल्क** में डबल बेड रूम, भोजन एवं निर्धारित भ्रमण शामिल हैं। हवाई पैकेज में फ्लाइट किराया तथा बस/रेल यात्रा में निर्धारित परिवहन व्यवस्था शामिल रहेगी। बुकिंग हेतु **बस/रेल यात्रा** के लिए **₹5,000/-** और **फ्लाइट यात्रा** के लिए **₹10,000/-** प्रति यात्री **'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा', ऋषिकेश** के SBI बैंक खाते अथवा नजदीकी कार्यालय में जमा करें तथा शेष राशि यात्रा प्रारंभ से 15 दिन पूर्व जमा करना अनिवार्य है। **बुकिंग रद्द करने पर अग्रिम राशि वापस नहीं होगी। फ्लाइट, रेल, होटल व अन्य बुकिंग के कैंसिलेशन शुल्क अग्रिम राशि से अधिक होने पर अंतर यात्री द्वारा देय होगा। यात्रा तिथि नजदीक आने पर फ्लाइट टिकट का मूल्य बढ़ सकता है, जिससे किराये में होने वाली अतिरिक्त वृद्धि का अंतर भी यात्री द्वारा देय होगा और रेल रिजर्वेशन में वेटिंग आ सकती है, इसलिए अपनी सीट समय से बुक कराएं। दर्शनीय स्थलों के प्रवेश शुल्क, बोटिंग, क्रूज, रोपवे, पोर्टर, वाटर स्पोर्ट्स, जू-सफारी, एडवेंचर गतिविधियाँ, पारंपरिक शो, यात्रा बीमा तथा अन्य अतिरिक्त सुविधाएँ पैकेज में शामिल नहीं हैं। इनका खर्च यात्री द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।**
2. **भोजन व्यवस्था:** यात्रा में सुबह चाय, नाश्ता, दोपहर व रात्रि भोजन में दाल, एक सब्जी, चावल, रोटी रहेगी। शाम को चाय होगी। दाल-चावल-रोटी में देशी घी का प्रयोग होगा। सब्जी व नाश्ते में मूंगफली का तेल प्रयोग होगा। चावल बासमती बनेगा। प्याज-लहसुन का प्रयोग पूर्णतः वर्जित होगा। यात्रा के दौरान तवा चपाती बनायी जायेगी व समय की उपलब्धता के अनुसार पूरी, पराठें व खिचड़ी भी बनेगी और लंच पैकेट भी दिया जाएगा। रेल द्वारा लम्बी दूरी की यात्रा के दौरान भोजन व्यवस्था I.R.C.T.C के भोजनालय से होगी। भोजन के साथ पानी की बोतल दी जायेगी।
3. **होटल एवं बस:** होटल में 2 यात्रियों के लिए डबल बेड रूम रहेगा। सिंगल रूम ₹8,000–₹10,000 अतिरिक्त भुगतान पर मिलेगा। होटल नियमानुसार चेक इन और चेक आउट समय का पालन करना अनिवार्य है। परिवहन के दौरान A/C सुविधा केवल वाहन चलते समय उपलब्ध रहेगी।
4. **फ्लाइट नियम:** सामान एयरलाइन के नियमानुसार रहेगा, सामान्यतः 15 किलो चेक-इन + 7 किलो हैंड बैग। यात्री टिकट पर दिए गए एयरपोर्ट/टर्मिनल के बाहर फ्लाइट से 3 घंटे पहले पहुँचकर संस्था के प्रतिनिधि से संपर्क करें। यात्री अपना मूल पहचान पत्र साथ रखें।

यात्रियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

1. यात्रा के दौरान यात्री के स्वास्थ्य, सामान, धन अथवा किसी भी व्यक्तिगत क्षति की जिम्मेदारी स्वयं यात्री की होगी। संस्था/व्यवस्थापक इसके लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। रेल एवं फ्लाइट के निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है। यात्रा शुल्क में बीमा शामिल नहीं है, यात्री अपने खर्च पर यात्रा बीमा करवा सकते हैं। यात्री द्वारा होटल, बस, रेल व अन्य संपत्ति को नुकसान पहुँचाने पर उसकी भरपाई स्वयं यात्री को करनी होगी।

2. रेल/फ्लाइट में सीट का आवंटन संबंधित रेलवे/एयरलाइन द्वारा किया जाता है। बस में सीटों काआवंटन लॉटरी द्वारा होगा। सभी यात्रियों को निर्धारित समय का पालन करना अनिवार्य है। यदि कोई यात्री ग्रुप से अलग या पीछे रह जाता है, तो उसे अगले गंतव्य तक अपने खर्च पर पहुँचना होगा। बसें निर्धारित पार्किंग स्थल तक ही जाएँगी वहाँ से दर्शनीय स्थल तक पैदल, रिक्शा अथवा अन्य स्थानीय साधन का खर्च यात्री स्वयं वहन करेंगे।

3. स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर डॉक्टर, अस्पताल, दवा आदि का खर्च यात्री स्वयं वहन करेंगे। यदि कोई यात्री अस्वस्थता अथवा अन्य व्यक्तिगत कारण से यात्रा बीच में छोड़कर घर लौटना चाहता है, तो संस्था केवल घर वापसी हेतु रेलवे का स्लीपर क्लास टिकट उपलब्ध कराएगी। यह सुविधा यात्रा समाप्ति से 5 दिन पूर्व तक ही लागू होगी। किसी भी परिस्थिति में यात्रा शुल्क की वापसी देय नहीं होगी।

4.फ्लाइट/ट्रेन में देरी, बस खराब, खराब मौसम, बंद, रैली, अवकाश व अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण किसी स्थान के दर्शन/भ्रमण में परिवर्तन या रद्द होने की स्थिति में व्यवस्थापक आवश्यकतानुसार कार्यक्रम में बदलाव कर सकते हैं। यात्रियों से परिस्थिति को समझते हुए सहयोग की अपेक्षा है।

5. यात्रा के दौरान मैनेजर एवं संस्था यात्रियों को अधिकतम सुविधा प्रदान करने का प्रयास करेंगे। फिर भी लंबी यात्रा में कुछ असुविधाएँ स्वाभाविक हो सकती हैं। कृपया धैर्य, सकारात्मक भावना एवं आपसी सहयोग के साथ यात्रा का आनंद लें और मैनेजर के निर्देशों का पालन करें।